भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
26.06.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 727 का उत्तर

दोनार समपार पर रेल उपरिपुल

727. श्री गोपाल जी ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दरभंगा में दोनार रेलवे स्टेशन (गुमरी), बेला रेल समपार, लक्ष्मी सागर रेल समपार, लाहेरी सराय रेल समपार, चट्टी चौक रेल समपार और अन्य रेल समपारों पर उपरिपुलों के निर्माण से संबंधित रुकावटों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त उपरिपुलों को कब तक बना लिया जाएगा; और

(ग) उक्त स्थानों पर उपरिपुलों के निर्माण में रुकावटें या समस्या हटाने के लिए रेलवे के पास क्या संभावित उपाय उपलब्ध हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): दरभंगा शहर में और इसके आसपास 10 समपार (एलसी) हैं। सभी समपारों के स्थान पर ऊपरी सड़क पुलों (आरओबी) के निर्माण को राज्य सरकार के साथ लागत भागीदारी आधार पर स्वीकृत किया गया है।

सिंगल इकाई आधार पर 07.05.2019 को बिहार सरकार द्वारा उनके राज्य में स्वीकृत आरओबी के निर्माण के लिए रेल मंत्रालय और सड़क निर्माण विभाग, बिहार सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अतः, इन आरओबी के निर्माण के लिए अपेक्षित कार्रवाई बिहार सरकार द्वारा की जाएगी।

*****

Sk